# उत्तराखंड के स्कूलों में छात्रों को मिलेंगी द्विभाषी किताबें

## चर्चा में क्यों?

6 मई, 2023 को मीडिया सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विद्यालयी शिक्षा की समीक्षा के दौरान बताया कि अगले सत्र से प्रदेश के सरकारी और अशासकीय स्कूलों के कक्षा 6 से 12 तक के छात्रों को विज्ञान, गणित और नागरिकशास्त्र की द्विभाषी किताबें उपलब्ध कराई जाएंगी।

## प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री ने कहा कि एनसीईआरटी की ऐसी प्रत्येक विषय की पुस्तक में बाँया पेज हिन्दी और दाहिना पेज अंग्रेज़ी भाषा में होगा। इससे हिन्दी और अंग्रेज़ी माध्यम के बच्चों के लिये पढ़ाई करना और सहज हो सकेगा।
- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिन ज़िलों में विद्यालयी शिक्षा के तहत विद्यार्थी ड्रॉपआउट हो रहे हैं, इनके कारणों का अध्ययन किया जाए तथा ड्रॉपआउट बच्चों की संख्या कम करने के लिये हरसंभव प्रयास किये जाएँ और सरकारी स्कूलों में छात्र संख्या बढ़ाने के प्रयास किये जाएँ।
- पीएमश्री के तहत राज्य के चयनित 142 स्कूलों के लिये सभी आवश्यक ज़रूरी सुविधाएँ जुटाई जाएंगी। स्कूली शिक्षा के साथ व्यावसायिक शिक्षा पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा।
- पॉलिटेक्निक कॉलेजों एवं आईटीआई में समय की मांग के आधार पर कोर्स करवाए जाएंगे। इसके लिये औद्योगिक संस्थानों से निरंतर आपसी समन्वय बनाया जाएगा, ताकि प्रशिक्षण के बाद विद्यार्थियों को उचित प्लेसमेंट मिल जाए।
- पॉलिटेक्निक कॉलेजों एवं आईटीआई के आधुनिकीकरण पर विशेष ध्यान देते हुए यह तय किया जाए कि इनमें दक्ष मानव संसाधन के साथ आवश्यक उपकरण भी हों। जिस ट्रेड में कार्य के लिये मांग बढ़ी है, उन पर विशेष ध्यान दिया जाए। पॉलिटेक्निक कॉलेजों और आईटीआई का अपग्रेडेशन भी चरणबद्ध तरीके से करने के निर्देश दिये।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुपालन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा तथा उच्च शिक्षा के साथ व्यावसायिक कोर्स को बढ़ावा देने पर भी कार्य किया जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/students-will-get-bilingual-books-in-uttarakhand-schools